# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.07.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सत्र जनहित के मुद्दों पर सार्थक और परिणामकारी रहेगा।
2. अंडमान लॉ कॉलेज को उत्कृष्ट विधि शिक्षण संस्थान बनाने के लिए गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सहयोग करेगा।
3. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने द्वीप समूह में बेहर समुद्री सम्पर्क के लिए तीन नए चार्टर्ड जहाजों के संचालन के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।
4. द्वीप समूह में कार्बिन्स कोव तट पर पहली साइक्लिंग रोलर प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

<><><><><><><>

संसद का मानसून सत्र आज शुरू हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में हाल ही में दिवंगत छह पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोकसभा में कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल–थानी के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया। राज्यसभा में नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। सत्र प्रारंभ होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि मानसून सत्र जनहित के मुद्दों पर सार्थक और परिणामकारी रहेगा।

इस बीच, कुछ मुद्दों पर दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई और बाद में दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

<><><><><><><>

गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) शांता कुमार ने अंडमान लॉ कॉलेज को उत्कृष्ट विधि संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए हरसंभव शैक्षणिक सहयोग का आश्वासन दिया है। अंडमान लॉ कॉलेज में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी तथा कॉन्सोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज़ के सहयोग से कॉलेज में

अकादमिक सहयोग, छात्र विनिमय और संसाधन साझा करने को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों संस्थानों के बीच शीघ्र ही एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। प्रोफेसर शांता कुमार ने छात्रों से साइबर कानून, डेटा गोपनीयता और फिनटेक जैसे उभरते विधिक क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित करने का आह्‍वान किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। इस अवसर पर अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी.एन. शर्मा तथा गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन मलिक भी उपस्थित थे।

**<><><><><><><>**

चेन्नई 'ए' ग्रुप के ग्रुप कमांडर कर्नल टी. हरितेजा ने स्वतंत्र इन्फैंट्री कंपनी, एनसीसी का प्रशासनिक निरीक्षण किया। उन्होंने इकाई की प्रशासनिक दक्षता, प्रशिक्षण गतिविधियों और समग्र कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत कमांडिंग ऑफिसर (सी ओ) कर्नल के. वाई. सिंह द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण से हुई, जिसमें इकाई की संगठनात्मक संरचना, प्रशिक्षण गतिविधियों, उपलब्धियों, प्रशासनिक व्यवस्था तथा संचालित पहलों की जानकारी दी गई। उन्होंने निर्धारित नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन का भी आकलन किया। इसके लिए प्रशासनिक अभिलेखों और दस्तावेजों की जांच की गई। उन्होंने अधिकारियों, स्थायी प्रशिक्षण स्टाफ, असैनिक कर्मचारियों तथा अन्य कर्मियों से संवाद किया और उन्हें अपने कार्य तथा कल्याण से जुड़े सुझाव एवं समस्याएं साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**<><><><><><><>**

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने लॉग आइलैंड डिगलीपुर और ननकौड़ी में पचास यात्री क्षमता वाले जहाजों के संचालन के लिए तीन ऑपरेटरों के साथ चार्टरिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसका उद्देश्य स्थानीय क्षेत्रों में लोगों के लिए समुद्र संपर्क को बढ़ाना है। पहला चार्टर्ड जहाज एम वी सरोज ने आज प्रातः सात बजे लॉग आइलैंड से यराटा मार्ग पर अपनी पहली यात्रा शुरू की। इस उद्‍घाटन अवसर पर लॉग आइलैंड के प्रधान बी कामराज और स्थानीय निवासियों ने जहाजरानी सेवा के उपनिदेशक जी गोपीनाथ की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डिगलीपुर और ननकौड़ी के लिए अन्य चार्टर्ड जहाजों को भी शीघ्र ही सेवा में शामिल किया जाएगा। सभी चार्टर्ड जहाज, जहाजरानी सेवा निदेशालय के पूर्ण नियत्रंण और पर्यवेक्षण में संचालित होगी। संचालकों को मौजूदा अनुमोदित परिचालन और समयसारणी का पालन करना होगा तथा निदेशालय द्वारा निर्धारित सभी परिचालन मानकों, सुरक्षा नियमों एवं सेवा आवश्यकताओं का अनुपालन करना होगा। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि इन जहाजों के संचालन से मौजूदा यात्री किराये पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए मुख्य भूमि के विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी तथा गैर–तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अंतिम मेरिट सूची और काउंसलिंग कार्यक्रम की घोषणा की। एमबीए पाठ्यक्रम की अंतिम मेरिट सूची 21 जुलाई से कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। अन्य शेष पाठ्यक्रमों के लिए 11 जुलाई को प्रकाशित अनंतिम मेरिट सूची को ही अंतिम मेरिट सूची माना जाएगा। पात्र अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से श्री विजयपुरम स्थित टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में आयोजित होगी। इस दौरान विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन किया जाएगा। पात्र अभ्यर्थियों को सभी मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पाँच पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ, जमानत के लिए दो स्थायी निवास प्रमाणपत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार राज्य खेल परिषद ने कल कार्बिन्स कोव तट पर पहली बार साइक्लिंग रोलर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। खुली श्रेणी की इस प्रतियोगिता में द्वीप समूह के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के साइकिल प्रेमियों और युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में खेल एवं युवा मामले विभाग के निदेशक आदित्य सांगोत्रा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर कहा गया कि द्वीप समूह में पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता से केंद्र शासित प्रदेश में साइक्लिंग संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य में इस प्रकार की नवाचार आधारित खेल गतिविधियों के आयोजन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने वाली अंडर–17 बालिका फुटबॉल टीम 18 से 27 अगस्त तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले पैंसठवें सुब्रतो मुखर्जी कप अंतर्राष्ट्रीय इंटर–स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारियों में जुटी है। राज्य चैंपियन बनने के बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए नेताजी स्टेडियम में टीम का पैंतालीस दिवसीय राज्यस्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को आयोजित सुबह के प्रशिक्षण सत्र के दौरान दक्षिण अंडमान की उपायुक्त पूर्वा गर्ग ने शिविर का दौरा कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शिक्षा विभाग के अनुसार अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में तकनीकी कौशल, शारीरिक क्षमता और मैच संबंधी तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

<><><><><><>